# हत्या के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं साहब...

## जानी थानाध्यक्ष को परिजनों ने दी चेतावनी, गिरफ्तारी नहीं हुई तो देंगे धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** करीब दो महीने पहले अल सुबह दूध लेने जा रहे अंबेडकर भवन में किशोरी लाल नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी और आरोपियों ने नवनियुक्त थाना अध्यक्ष महेश सिंह राठौड़ को चुनौती देते हुए दिनदहाड़े इस घटना को अंजाम दिया था जिसमें पुलिस ने 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया था और किशोरी लाल की हत्या की पटकथा तैयार की गई थी किशोरी लाल को मारने के लिए एक लाख रुपए की सुपारी मुजफ्फरनगर के बदमाश गुलशन पुत्र अंकुर को दी थी। विकास नाम के युवक को किशोरी लाल ने ही मरवाया था। किसी का बदला लेने के लिए किशोरी लाल को मौत के घाट उतार दिया गया था।



जिसमें पुलिस ने गुलशन व राजू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार को मृतक की पत्नी रितिका अपने परिजनों अपने बेटे के साथ जानी थाने पहुंची जहां थाना प्रभारी महेश सिंह से किशोरी लाल के हत्याकांड के बाकी आरोपी आनंद और आशीष की गिरफ्तारी की मांग की है। उनका कहना था कि वह खुले घूम रहे हैं। थाना प्रभारी ने जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कही है। पीड़ित परिजनों का कहना था कि अगर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह थाने पर जाकर धरना प्रदर्शन करेगी। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही है पुलिस टीम लगा रखी है जल्दी आरोपी पकड़े जाएंगे।

## भाजपा नेता के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** शाहजहांपुर में कथित भाजपा नेता के साथ कस्बे के ही लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। समीना खानम पत्नी जाकिर खान निवासी मोहल्ला शहजादगान शाहजहांपुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका पति घर पर बैठा था। तभी कस्बे के फसाहत पुत्र रियायतुल्ला, जैद पुत्र सहादत, अदीब पुत्र शुजा, राशिद शेख, शाहबाज खां उर्फ गुड्डू व दो अज्ञात व्यक्ति हाथ में तमंचा व लाठी डंडे लेकर उसके घर पहुंचे और जाकिर के साथ मारपीट की। समीना बीच-बचाव में आई तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। पीड़िता ने फसाहत को भूमाफिया और अपराधी बताते हुए आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। चर्चा है कि जाकिर खान स्वयं को भाजपा नेता और गौरक्षा संघ का प्रदेश महामंत्री बताता है।

# कॉन्टिनेंटल कर्मचारियों की मांग को लेकर उपश्रमायुक्त से मिले अतुल प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पल्लवपुरम स्थित कॉन्टिनेंटल टायर कंपनी के सैंकड़ों कर्मचारियों को कंपनी से बाहर निकाल दिया गया है। कर्मचारियों के समर्थन में सरधना विधायक अतुल प्रधान ने गुरुवार को कंपनी के कर्मचारियों के साथ गेट पर धरना दिया था, मगर कंपनी का कोई भी प्रतिनिधि नहीं आया।



इस बात से गुस्साए सपा विधायक ने कंपनी के सैंकड़ों कर्मचारियों के साथ शुक्रवार को श्रम विभाग पहुंचकर वार्ता की। इस दौरान अतुल प्रधान ने कहा कि जब तक कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं होगा, धरना जारी रहेगा। प्रबंधन को अवगत कराया गया है कि कर्मचारियों की मांग को पूरा किया जाए। अचानक 274 कर्मचारियों के परिवारों को संकट में डाल दिया गया है। इस दौरान अतुल प्रधान ने आरोप लगाया गया कि लेटर देकर जबरन हस्ताक्षर कराए गए हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह प्रबंधन के पक्ष में है। समस्या का समाधान न होने पर तंबू लगाकर अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा। वहीं अतुल प्रधान ने कर्मचारियों का पक्ष रखते हुए कहा कि कंपनी बंद करने का कर्मचारियों को नोटिस दिया जाना था जो कि नहीं दिया गया उल्टा कर्मचारियों को डरा धमकाकर पेपर पर हस्ताक्षर कराए गये है। उन्होंने मांग की है कि रिटायरमेंट तक मूल वेतन के हिसाब से भुगतान कराया जाये।

# सुभारती विवि में गंगा पुस्तक परिक्रमा का आयोजन

## गंगा भारत के हृदय रची-बसी संस्कृति है: अनिल कुमार गांधी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के भाषा विभाग, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय तथा ललित कला संकाय एवं राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गंगा पुस्तक परिक्रमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर भारतीय संस्कृति में गंगा का महत्व के विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गंगा की सफाई एवं महत्व के विषय पर चित्र प्रदर्शनी व पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा वैन लाइब्रेरी में उपलब्ध विभिन्न पुस्तकों का सभी ने अवलोकन भी किया। सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का शुभारंभ विख्यात इतिहासविद अनिल कुमार गांधी, लेखक डॉ. रामगोपाल भारतीय, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल, प्रतिकुलपति कर्नल देवेन्द्र स्वरूप, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन डॉ. सुधीर त्यागी, सुभारती मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसन विभाग के प्रोफेसर डॉ. राहुल बंसल, भाषा विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा, डॉ.पिन्टू मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने राष्ट्रीय पुस्तक न्यास को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पुस्तकों द्वारा हमारी सभ्यता व संस्कृति का संरक्षण तथा विकास होता है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर आयुक्त ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में आगामी श्रावण शिव. रात्रि कांवड़ यात्रा 2025 को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु बैठक की गई। बैठक में आयुक्त द्वारा सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन, एनएचएआई, स्वास्थ्य, जल निगम, मंडी आदि विभागो द्वारा कांवड़ यात्रा के संबंध में की जा रही तैयारियो की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि कांवड़ मार्गों पर विशेषत: प्रमुख स्थानो पर साफ सफाई की बारम्बारता सुनिश्चित की जाये। मार्गों के किनारे झाड़ियो की सफाई, शौचालयो की सफाई तथा हैण्ड पम्प को क्रियाशील किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को एंटी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग की व्यवस्था के निर्देश दिये। सिंचाई विभाग को घाटो की बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड लगाने को कहा।

# मोहर्रम को लेकर धौलडी में हुई शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी ब्लाक के गांव रसूलपुर धौलडी में ग्राम पंचायत कार्यालय में शिया समुदाय के लोगों के साथ जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने आगामी मोहर्रम को लेकर एक शांति समिति की बैठक हुई।

थानाध्यक्ष ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे से मनाये और लोहे की ताजिया न निकाले जिसमें बिजली तारो से टकराने से बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं शिया समुदाय के लोगों ने थाना प्रभारी निरीक्षक को आश्वासन दिया कि काफी समय से हमारा गांव रसूलपुर धौलडी भाईचारे का प्रतीक है कुछ लोग हमारे मोहर्रम में जहर घोलने का काम करते हैं लेकिन हम अमन पसंद लोग हैं वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि अगर कोई भी मोहर्रम के दौरान असामाजिक तत्व ने माहौल खराब करने की कोशिश की तो तुरंत पुलिस को सूचित करें और कोई भी संदिग्ध व्यक्ति मोहर्रम के जुलूस के दौरान कोई भी हरकत करता दिखाई दे तुरंत पुलिस को सूचना दे जिस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पूर्व प्रधान बाबर काजमी, तनवीर काजमी, आरजु हुसेन, नाजिर मिनहाल काजमी सिवाल खास चौकी इंचार्ज नरेश कुमार माहोर आदि गांव के लोग मौजूद रहे।

## श्रीराम पर कर दी टिप्पणी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोशल मीडिया ने इस देश का ही नहीं आज कल के बच्चों का भी भविष्य खराब कर दिया है हर धर्म के भगवानों पर आजकल सोशल मीडिया पर कोई भी टिप्पणी करने से बाज नहीं आ रहा है। ऐसा ही मामला जानी में शुक्रवार को देखने को मिला जहां कलंजरी गांव निवासी भानु पुत्र बुद्धू जो नाबालिक लड़का है सोशल मीडिया पर भगवान श्री राम पर टिप्पणी कर दी इससे पहले पोस्ट वायरल होती पुलिस के पहुंचने से पहले ही उसे डिलीट कर दिया। लेकिन गांव के ही एक युवक ने उसका स्क्रीनशॉट ले लिया तभी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और थाने लेकर आ गई इसके बाद वहां पर उसके परिजन पहुंच गए और परिजनों और पुलिस के सामने भानु ने माफी मांग ली जिसमें पुलिस ने सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया। गांव रसूलपुर धौलडी में एक युवक ने सीएम व पीएम पर टिप्पणी कर दी थी।

## शोभित विश्वविद्यालय के एमबीए छात्रों को मिली सफलता

# प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट और इंटर्नशिप हासिल कर रचा कीर्तिमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विवि के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के सशक्त प्रयासों से विवि के एमबीए अंतिम वर्ष के छात्रों को जहां देश की नामी कंपनियों में शानदार रोजगार (जॉब प्लेसमेंट) प्राप्त हुआ है, यह उपलब्धि विवि की इंडस्ट्री-केंद्रित शिक्षा प्रणाली और विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचायक है।



जॉब प्लेसमेंट की बात करें तो शोभित विवि के एमबीए फाइनल ईयर छात्रों का चयन बजाज फाइनेंस, मेथोडेक्स, इंडियामार्ट, यस बैंक, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक, जीएस क्रॉप साइंस, हार्वेस्टिंग फार्मर्स नेटवर्क, सोनालिका, अरोलेक्स फार्मा स्युटिकल्स, भारत पावर कॉरपोरेशन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है। यह न केवल छात्रों की विशेषज्ञता को दर्शाता है, बल्कि विश्वविद्यालय की इंडस्ट्री कनेक्ट नीति की भी पुष्टि करता है।

इन इंटर्नशिप के अंतर्गत छात्रों को आकर्षक स्टाइपेंड प्राप्त होगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. वी. के. त्यागी ने कहा, शोभित विवि का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक दक्षता और व्यावसायिक कौशल से सुसज्जित करना है। हमारे छात्रों को कॉर्पोरेट जगत से जो सराहना मिल रही है, वह हमारे शिक्षण की गुणवत्ता का प्रमाण है। डीन अकादमिक्स डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने कहा, हमारा पाठयक्रम न केवल ज्ञान केंद्रित है, बल्कि उद्योग की मांगों के अनुरूप व्यावहारिक रूप से भी तैयार किया गया है।

यही कारण है कि हमारे छात्र इंडस्ट्री में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट निदेशक डॉ. अभिषेक कुमार डबास ने बताया कि इंटर्नशिप एमबीए प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए कॉर्पोरेट वर्ल्ड से जुड़ने का पहला ठोस अवसर होता है। यह उन्हें व्यावसायिक वातावरण, नेटवर्किंग, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता से अवगत कराता है। इस वर्ष जिन कंपनियों में हमारे छात्रों को इंटर्नशिप मिली है।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया योगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक योगाभ्यास किया। विद्यालय में पिछले कुछ दिनों से नियमित रूप से योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा व सभी शिक्षकगण और छात्र छात्राओं ने मिलकर योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। इस अवसर पर योग शिक्षक पी.के. राठी और निशांत नैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग न केवल हमारे मानसिक, शारीरिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि यह हमारे अंदर की नकारात्मक प्रवृत्तियों जैसे काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि को नियंत्रण, दया, विनम्रता में बदल देता है।

## स्कूल के अनुशासन से मिली संजीव सैनी को सेना में जाने की प्रेरणा

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में गुरुवार को सेना में लेफ्टिनेंट बने स्कूल के छात्र संजीव सैनी का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर स्कूल पहुंचने पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा, सभी शिक्षकों व बच्चों ने छात्र से अफसर बने संजीव सैनी का स्कूल में अभिनंदन किया। संजीव सैनी ने कक्षा चार से बारह तक की शिक्षा तक्षशिला पब्लिक स्कूल में ग्रहण की थी। उन्होंने बच्चों के साथ अपनी स्कूल की यादों को साझा किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के अनुशासन से उन्हें सेना में जाने की प्रेरणा मिली। उन्होंने 2021 की एन.डी.ए परीक्षा में 146वीं रैंक पाई थी तथा आईएमए देहरादून से अपने चार वर्षीय कोर्स को समाप्त किया तथा 14 जून को आईएमए देहरादून से पासिंग आउट परेड में कमीशन हुए। संजीव सैनी के पिता महावीर सैनी नगलाताशी गांव के एक किसान है तथा माता बबीता सैनी एक गृहणी है।



# शिक्षामित्र के तीन बेटों का यूपी पुलिस में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गेसूपुर सुमाली में एक शिक्षामित्र के एक साथ तीन बेटों का यूपी पुलिस में सिलेक्शन होने व एक वर्ष पूर्व एक बेटे का दिल्ली पुलिस में सिलेक्शन होने पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वहीं तीनों बेटे प्रशिक्षण के लिए चले गए पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। ग्राम गेसुपुर सुमाली निवासी बृजेश कुमार जो गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र है उसके चार बेटे हैं बड़ा बेटा शैलेंद्र जो 2024 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हो गया था जबकि तीन बेटे विकास विक्रांत व अवनीश जो तीनों एक साथ यूपी पुलिस में भर्ती हो गए हैं। चारों बेटों का पुलिस में भर्ती होना उनके लिए गौरव गर्व की बात है। तीनों बेटे प्रशिक्षण के लिए चले गए हैं जिससे परिवार में खुशी का माहौल है तथा बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। बृजेश कुमार ने बताया कि वह काफी गरीब हैं किसी तरह बच्चों को शिक्षित किया जो उसकी मेहनत सफल हो गई है इसमें उसकी पत्नी रजनी का भी बहुत बड़ा सहयोग है।

# लावड़ में चोर हर दिन दे रहे हैं पुलिस को चुनौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र में इस समय चोरों का आतंक चरम पर पहुंच गया है वो आए दिन नलकूप ओर ट्रांसफार्मरों को निशाना बना रहे हैं। चोरों ने कस्बे में लावड़ मसूरी मार्ग पर स्थित शीलकुंज कॉलोनी निवासी विनय कुमार की कॉलोनी से बृहस्पतिवार देर रात चोरों ने ट्रांसफार्मर से हजारों का सामान चोरी कर लिया। विनय कुमार ने बताया कि वह मसूरी मार्ग पर महल गांव के पास कालोनी का निर्माण कर रहे है। कालोनी की विद्युत आपूर्ति के लिए कालोनी में दो 250 केवी के नए ट्रांसफार्मर आए थे।



बृहस्पतिवार देर रात चोरों ने दोनों ट्रांसफार्मर से सामान व तेल चोरी कर लिया। शुक्रवार को कालोनी में पहुंचने पर मामले की जानकारी हुई। पीड़ित ने चौकी पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# अंबेडकर पार्क बनने का रास्ता हुआ साफ, जल्द होगा निर्माण

## विधायक अतुल प्रधान ने निरीक्षण के बाद लगाई मोहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में डूडा कॉलोनी के निकट स्थित एमआरएफ सैंटर के बराबर में नगर पंचायत द्वारा कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसके संबंध में लगभग चार महीने पहले स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किया गया था। जिसके बाद चेयरपर्सन हज्जन आफताब व उनके पति हाजी शकील कुरैशी ने मौके पर पहुंचकर कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण कार्य रुकवा दिया था और साफ तौर पर कहा था कि इस जगह के आसपास काफी संख्या में लोग निवास करते हैं जिससे उन्हें परेशानी होगी। उन्होंने इस जगह पर अंबेडकर पार्क बनवाने का आश्वासन लोगों को दिया था तभी से इस प्रकरण में विवाद चला आ रहा था। इसी कड़ी में शुक्रवार को सरधना विधायक अतुल प्रधान नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे उन्होंने अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार व चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी के अलावा कस्बे के गणमान्य लोगों के साथ बैठक की ओर जगह का निरीक्षण किया निरीक्षण के बाद विधायक के साफ तौर पर अंबेडकर पार्क बनवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस जगह पर लोगों की परेशानियों को देखते हुए अंबेडकर पार्क का निर्माण जल्द ही कराया जाएगा। हालांकि चेयरपर्सन ने पहले ही दिन यहां अंबेडकर पार्क बनवाने की बात कही थी। जिस पर शुक्रवार को विधायक अतुल प्रधान ने फाइनल मोहर लगा दी है। इस दौरान डॉ. जयपाल सिंह, सभासद पति मनोज जाटव, सपा नेता साजिद जैदी, डॉ. राजबीर सैनी, खालिद अंसारी, राजाराम सैनी आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सरस्वती लोक में जैन समाज ने लगाए पलायन के पोस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ विकास प्राधिकरण के द्वारा सरस्वती लोक स्थित जैन चैत्यालय संत भवन के ध्वस्तीकरण के विरोध में कॉलोनी के दर्जनों जैन समाज के लोगों ने शुक्रवार को अपने मकानों पर पलायन के पोस्टर चस्पा कर दिए। शुक्रवार को जैन चौत्यालय संत भवन समिति के पदाधिकारी एमडीए के जोनल अधिकारी अर्पित यादव से मिले और ध्वस्तीकरण की होने वाली कार्रवाई को टालने की मांग की। मनोज जैन ने कहा कि जैन मुनि एक शहर से दूसरे शहर पैदल विहार करते है इस संत भवन में समय समय पर जैन मुनियों का आगमन होता है संत भवन ने जैन समाज के लोगों की आस्था जुड़ी है। कहा कि कालोनी निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मेरठ विकास प्राधिकरण एकतरफा कार्रवाई पर उतारू है। कुछ दिन पूर्व एमडीए सचिव से मिलकर मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि अगर जैन भवन पर ध्वस्तिकरण की कार्रवाई हुई तो कालोनी के दर्जनों परिवार पलायन करेंगे। जोनल अधिकारी अर्पित यादव ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान संजय जैन, नवीन जैन, नीरज जैन, अमित जैन, विनोद जैन, अंकुर जैन, राहुल, मनोज जैन, नीरज, हर्ष, निशांत, मंजू, शशि, पूनम, अंजू आदि मौजूद रहे।

# प्रबंध निदेशक ने कांवड़ यात्रा में विद्युत सुरक्षा के मद्देनजर उचित प्रबंध करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक ईशा दुहन (आईएएस) ने कांवड़ यात्रा को लेकर विद्युत सुरक्षा के मद्देनजर सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये। उन्होनें सभी संबंधित 33/11 केवी उपकेन्द्रों से निर्गत होने वाले समस्त पोषकों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु 33 केवी, 11 केवी व एलटी विद्युत लाईनों की, पैट्रोलिंग कराते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग में समस्त लाईनों का निरीक्षण कर, आवश्यक अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होनें यात्रा मार्ग के विद्युत परिपथों के आकस्मिक स्थितियों में अनुरक्षण हेतु न्यूनतम आवश्यक सामग्री, यथा-कण्डक्टर, इन्सुलेटर,

- **कांवड़ शिविरों में नियमानुसार, अस्थायी विद्युत संयोजन प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जाएं**
- **आवश्यकतानुसार रात्रि के समय में भी विद्युत साम्रगी उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

क्लैम्प्स आदि, सम्बन्धित विद्युत भण्डार केन्द्र से प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि यात्रा मार्ग मे पडने वाले समस्त खंभों को इन्सुलेटिड शीट द्वारा कवरिंग कराते हुये यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि समस्त खंभों की अर्थिंग ठीक है।

प्रबंध निदेशक ने आकस्मिक स्थिति में परिवर्तक बदलने हेतु ट्रॉली स्थापित परिवर्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होनें ढीले तारों की समुचित सैगिंग, जर्जर तारों को बदलने तथा आवश्यकतानुसार विद्युत लाईन की गार्डिंग का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि स्वयं सेवी संस्थानों द्वारा स्थापित किये जाने वाले कांवड़ शिविरों में, नियमानुसार अस्थायी विद्युत संयोजन प्राथमिकता पर उपलब्ध कराये जायें ताकि शार्ट सर्किट से होने वाली किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

प्रबंध निदेशक ने कांवड़ यात्रा अवधि में आकस्मिक परिस्थितियों में लाईनों के अनुरक्षण कार्य हेतु आवश्यक सामान उपलब्ध कराने हेतु रात्रिकाल में भण्डार गृह पर कार्मिक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जिससे आवश्यकतानुसर रात्रि समय में भी विद्युत सामग्री उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि कोई भी शिविर 33 केवी, 11 केवी व एलटी लाईन के नीचे स्थापित न किया जाये व विद्युत खम्भों तथा स्टे वायर अथवा परिवर्तकों पर विद्युत झालर/अन्य विद्युत सामग्री से सजावट का कार्य न किया जाये। प्रबन्ध निदेशक ने मुख्य अभियन्ता (वितरण), अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) तथा अधिशासी अभियन्ता (वितरण/परीक्षण) को कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करने के निर्देश दिये।

## डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई डीसीसी/डीएलआरसी/डीएलएससी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में डीसीसी/डीएलआरसी/डीएलएससी की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सरकार की प्राथमिकता वाले ऋण से लंबित प्रकरणो पर बैंकवार समीक्षा की गई। उन्होने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा करते हुये अस्वीकृत आवेदनो के कारण पता करते हुये लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ऋण के लिए आवेदन करने वाले युवा उद्यमियो को सहयोग करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर को ब्रांच का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ऋण आवेदनो को बढ़ाये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये।

# जनपद की प्रत्येक सीएचसी पर हो एनआरसी:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा चिकित्सक अपना कार्य सेवा भाव के साथ और अच्छा करें। उन्होंने कहा हमारी प्राथमिकता जनपद में बेहतर स्वास्थ्य देना है। कहा बरसात गर्मी का समय है। अस्पताल में बेडशीट साफ लगी होनी चाहिए। अस्पताल साफ-सफाई रहे मरीजों के साथ मधुर व्यवहार किया जाए। जिला. धिकारी ने कहा किसी भी चिकित्सक द्वारा मरीजों को बाहर से दवाई ना लिखी जाए अगर ऐसे चिकित्सकों की जानकारी मिलती है तो उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा जनपद में सभी पात्र व्यक्तियों के गोल्डन कार्ड बनाये जाए। आयुष्मान गोल्डन कार्ड में जनपद की स्थिति प्रदेश में सबसे अच्छी है जनपद में 27अस्पताल चिन्हित है जिसमें18 प्राइवेट व 9सरकारी अस्पताल है जिसमे मरीज उपचार ले सकता है। जिलाधिकारी ने कहा गोल्डन कार्ड के प्रति गोल्डन कार्ड धारको को जागरूक किया जाए और उन्हें उपचार के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराए जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए । 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के जनपद में आयुष्मान गोल्डन कार्ड 13500 बन चुके हैं, आयुष्मान योजना में प्रदेश में जनपद का प्रथम स्थान है। जिलाधिकारी ने 102 नेशनल एंबुलेंस सेवा, 108 इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज एंबुलेंस सेवाओं की समीक्षा की उन्होंने कहा ड्राप करने व पिकअप करने में शासन के नियमों का पालन किया जाए उससे अधिक समय ना लगे। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत आशाओं का समय से भुगतान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बिनोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा.अमित गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, उन्होंने बिनोली की आशा को प्राइवेट अस्पताल में डिलीवरी कराने में पकड़ा था जो कि आशा का दायित्व अपने सरकारी अस्पताल में डिलीवरी कराने का था अपने दायित्वों का सत्य निष्ठा के साथ निर्भन न करने पर आशा को दंडित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधिकारी डा. तीरथ लाल, सीएमएस एमएस मलिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र मिश्रा, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक बागपत डा.विभाष राजपूत सहित आदि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## घर लौट रहे बच्चे पर आवारा कुत्तों ने हमला कर किया घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** भागौट गांव में आवारा कुत्तो ने एक 11 वर्षीय बालक पर हमला बोल घायल कर दिया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया है।

भागौट निवासी 11 वर्षीय शिवम पुत्र जतन घर से बाहर किसी कार्य से गया था जब वह वापस घर लौट रहा था तो पीछे आ रहे आवारा कुत्तो ने उस पर हमला बोल दिया बच्चे की चीख की आवाज सुन आस पडौस के लोग यहा पहुंचे और कुत्तो को भगाया। कुत्तो ने बच्चे के पैर मे काट कर घायल कर दिया। परिजन उसे लेकर रटौल सीएचसी पर पहुंचे जहा अस्पताल बंद होने के कारण बच्चे को निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया।

## विधायक नन्दकिशोर गुर्जर परिजनों के साथ एसपी से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती के लापता होने के मामले में विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने परिजनों के साथ एसपी कार्यालय का घेराव किया। विधायक ने युवती की बरामदगी की मांग की है।



इस दौरान एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर शाम तक युवती बरामद नहीं हुई तो पंचायत बुलाई जाएगी। एसपी कार्यालय का घेराव करते हुए विधायक ने आरोप लगाया कि युवतियों का अपहरण कर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से युवती को सकुशल बरामद करने और ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जाने की मांग की है। साथ ही इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल, पूजा शर्मा, कपिल शर्मा और आकाश सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पंचायत की जमीन को मंदिर की जगह बताकर दबंग लोग करना चाहते है कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर शुक्रवार को कश्यप समाज के लोगों ने कांग्रेस नेता वरिष्ठ समाजसेवी विकास कुमार कश्यप एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रामकुमार कश्यप के नेतृत्व में तहसील परिसर में धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए विकास कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज के लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है जिस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रविदास मंदिर के पास गांव में पंचायत की जमीन पर खाद के गढ्ढे बने हुए जिस पर कश्यप समाज के लोग उन गढ्ढों में अपना गौबर डालकर खाद बनाकर अपने खेतों में डालते हैं। गांव के ही कुछ दबंग लोग उन पर मंदिर की जगह बताकर कब्जा करना चाहते हैं जिस



किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर धरना प्रदर्शन करने वालों में देवेंद्र कश्यप मिंटू कश्यप पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रामकुमार कश्यप सुरेश कश्यप वरिष्ठ समाजसेवी विकास कश्यप मदन कश्यप अशोक कुमार राधे कुमार संदीप कुमार रविंद्र कश्यप रविंद्र कुमार अमित कुमार कश्यप रवि कुमार अनिल कश्यप के अलावा काफी संख्या में कश्यप समाज के लोगों ने तहसील परिसर में धरना देकर कार्रवाई की मांग की।

### एक नजर

## 1 से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रही हैं। इस क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यबाही के संबंध में बैठक की। उन्होंने संबंधित को आबश्यक निर्देश दिए।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, सूचना विभाग, दिव्यांगजन विभाग आदि विभाग के अधिकारियों को इस कार्यक्रम से मुख्य रूप से जोड़ा गया है। सभी अधिकारी गण संचालित होने वाले अभियान में अपने-अपने विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए जनपद वासियों को मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित बनाने की विशेष कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत विभाग के द्वारा इस दौरान विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करते हुए गली-गली एवं मौहल्लों में नालियों की विशेष सफाई पर फोकस किया जाए तथा जल भराव पर अंकुश लगाते हुए निरंतर स्तर पर फागिंग एवं एंटी लारवा का छिड़काव ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर, साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डा.विभास राजपूत, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव, अधिशासी अधिकारी बागपत के के भड़ाना, खंड विकास अधिकारी बड़ौत, बागपत, पिलाना, छपरौली, बिनौली सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## कार सवार युवक ने बकरे चोरी किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची गांव में घर के बाहर बंधे दो बकरा को कार सवार युवक चोरी कर ले गये। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गयी। पीड़ित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ थानें में तहरीर दी है।

पांची निवासी यामीन पुत्र सोमीन के घर के बाहर दो बकरे बंधे थे दोपहर दो बजे के करीब कार सवार उसके मकान जो पांची चमरावल मार्ग पर स्थित है। वहां पहुंचे और दोनो बकरा को कार में डाल ले गये। यह घटना सीसीटीवी कैमरे मे कैद भी हो गयी। पीड़ित ने चोरो का पीछा भी किया लेकिन कुछ पता नही चल पाया। पीड़ित ने थानें पहुंच अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरो का पता लगाने मे



लगी है। बकरा चोरी करने का क्षैत्र मे एक गेग सक्रिय है जो मौका देख बकरे चोरी कर ले जाता है। एक सप्ताह पहले रटौल के मलिक अहमद के पांच बकरी कार सवार चोरी कर ले गये थे इसके अलावा एक माह पहले रटौल के ही शकील के भी चोर चार बकरे चोरी कर ले गये थे चोर लगातार घटनाओं को अंजाम देने मे लगे है, लेकिन आज तक पुलिस उन्हें पकड़ नही पायी है।

## पुलि मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** चैकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस और स्वाट टीम ने मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस दौरान मुरादनगर थाना क्षेत्र के चितौडा निवासी विक्की को पकड़ा गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश को गोली लगी। पुलिस ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। बदमाश के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। छपरौली थाना प्रभारी देवेश कुमार शर्मा के अनुसार, बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस ने समय रहते उसे पकड़ लिया। मामले की जांच की जा रही है।

## ब्राह्मण समाज के छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम किया गया था। उसमें कुछ प्रतिभावान छात्र अवशेष रह गए थे उनको घर-घर जाकर स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ने कहा कि विद्या सबसे बड़ा धन होता है। विद्या रूपी परिश्रम करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। अत: कर्मठता मनुष्य के अंदर ख्रढ़ होनी चाहिए।

## फोटो फ्रेम पौधा व कलर किट व कप देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सेल्फी विद डा.कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत सेल्फी विद डॉटर कार्यक्रम के तहत 250 सेल्फी प्राप्त हुई है। समिति द्वारा 250 सेल्फी से 03 सर्वश्रेष्ठ सेल्फी-सास्विका यादव पुत्री कृष्णपाल यादव, निवासी सिधावली अहीर बागपत, 2-रिया जैन पुत्री अमित जैन, निवासी बावली रोड बडौत, बागपत 3-हाजरा, आयशा, आसमा सादिया, सोफिया पुत्री दिलशाद, निवासी ग्राम धनौरा सिल्वरनगर, जनपद बागपत का चयन किया गया है जिनको फोटो फ्रेम, पौधा, कलर किट,पानी की बोतल, एक कप देकर सम्मानित किया। परिजन बेटियों के साथ सम्मानित होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बेटियों के सम्मान से हमें गर्व हो रहा है यह गर्व का पल है कि जिलाधिकारी द्वारा बेटियों को बुलाकर उन्हें सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने चयनित तीन बालिकाओं और उनके परिवारों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने यह भी कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत इस प्रकार की प्रेरक पहलें प्रोबेशन विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाती रहेंगी ताकि समाज में बेटियों को सशक्त करने की दिशा में निरंतर प्रगति हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, डिप्टी कलेक्टर जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरचंद वर्मा, डिप्टी कलेक्टर ज्योति शर्मा भ ावना सिंह सहित आदि उपस्थित रहे।

## पुरा महादेव मंदिर पर मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भगवान परशुरामेश्रवर पुरा महादेव मंदिर में मेले की तैयारी जोरों पर चल रही है। 21 जुलाई से 23 जुलाई तक मेले रहेगा। भगवाधारियों का जनसैलाब मंदिर परिसर में महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग से व्यवस्था एवं दिव्यांगों और बुजुर्गो वृद्धो के लिए विश्राम क्षेत्र में व्यवस्था की जाएगी।

इस दौरान सीसीटीवी कैमरे और पुलिस सहायता केंद्र की व्यवस्था सुचारू रूप से मेला परिसर में रहेगी। भजन संध्या और अखंड पाठ शिव नाम कीर्तन की व्यवस्था भी मेला परिसर में अलग से होगी। इस संबंध में मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य पंडित जय भगवान शर्मा ने बताया कि इस बार भक्तों के लिए



पहले से कहीं अधिक सुविधाएं मेला परिसर में की जा रही है। मंदिर के पुजारी अक्षय भारद्वाज ने अपने मुख्य वाणी से बताया कि भगवान परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में पुण्य ध्वनि अब बागपत की हवाओं में गुंजने लगी है।

जनपद बागपत की पावन धरती पर स्थित भगवान परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर एक ऐसा धाम है जिसे स्वयं भगवान परशुराम ने स्थापित किया था। इस बार फिर सावन महाशिवरात्रि पर भक्ति के रंगों केसरिया रंगों में रंगने जा रहा है। भगवान परशुरामेश्वर महादेव मंदिर 21 से 23 जुलाई तक यहां लगने वाला तीन दिवसीय मेला अपने आप में शिव भक्तों का केंद्र बन जाता है जिसमें लाखों की संख्या में शिव भक्त भगवान परशुराम का जलाभिषेक करते हैं। मंदिर की प्राचीन ध्वनि से हर हर महादेव के गगनभेदी जय करें हरिद्वार से जनपद बागपत के पुरा महादेव मंदिर तक सुनाई देंगे। शिव भक्ति हरिद्वार से चलकर भगवान परशुराम महादेव मंदिर पर आकर जलाभिषेक करेंगे।

भगवान परशुरामेश्वर पूरा महादेव मंदिर जनपद बागपत में अपने आप में एक ऐतिहासिक जगह पर स्थित है जहां लाखों की संख्या में हरिद्वार से कावड़ लाकर शिव भक्त यहां पर जल अभिषेक करते हैं।

इस दौरान मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। मेले में सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। सभी अधिकारी बाकी तैयारियों को पूर्व करने में लगे हुए है।

## दबंग लोगों से रविदास मंदिर की जगह को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के सुप गांव के लोगों ने गांव में रविदास मंदिर की दीवार तोड़ने मंदिर की जगह पर कब्जा करने को लेकर तहसील परिसर में धरना दिया। दबंग लोगों से रविदास मंदिर की जगह को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की। गांव के लोगों ने कहा कि दबंग लोग मंदिर की दीवार पर व जगह पर कब्जा करना चाहते हैं। एसडीएम ने कहा कि मामले की जांच कर कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर संजीव, राम मेहर, उमेश, रविंद्र, महावीर, जितेंद्र, निशांत, अशोक, सुनील, हरपाल, देवेंद्र, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## निकाली गई बजरंगबली महाराज की शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बड़का गांव में निकाली शोभा यात्रा मां काली के मंदिर में हनुमान बजरंग. बली महाराज की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर गांव में शोभायात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई।

सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। गांव के लोगों ने शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीणों ने हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए बजरंगबली की आरती उतारी जन्मोत्सव महोत्सव के क्रम में प्रतिमा का नगर भ्रमण हुआ जिसमें गांव वालों ने बढ़-चढ़कर सहयोग लिया। बहुत धूमधाम के साथ में शोभायात्रा निकाली गई। महिलाएं बच्चे धार्मिक भजन पर नृत्य गीत हुआ भगवान के जय राम के नारे लगाए गए बहुत ही धूमधाम से संपन्न हुआ यज्ञ आचार्य कपिल शास्त्री की देखरेख में सारा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान चल रहा है जिसमें मधुसूदन शास्त्री ने कहा ऐसे धार्मिक कृत्य समाज के अंदर होते रहने चाहिए।

उससे हमारे समाज के लोगों में एक धार्मिकता और धर्म के प्रति एक उत्साह बना रहता है। उसी क्रम में कल यज्ञ और भंडारे का आयोजन मां काली के मंदिर में निधारित है। इस मौके पर कार्यक्रम में ग्राम वासियों की भीड़ उमड़ी रही।

## एएसपी व कोतवाली प्रभारी ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह व बागपत कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने नगर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से संवाद कर व्यापारियों को दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करने और सीसीटीवी कैमरे लगवाने जाने के आवश्यक निर्देश दिए।

गश्त के दौरान एएसपी ने मुख्य चौराहे और बाजारों में तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने बाजार में घूम रहे संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए। एएसपी ने स्थानीय लोगों से बातचीत में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। असामाजिक तत्वों को



चेतावनी दी गई कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश पर सख्त कार्रवाई होगी। एएसपी ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था कायम है। बॉर्डर चौकियों पर चेकिंग अभियान जारी है। सीसीटीवी से सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिसकर्मियों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि डयूटी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

मेरे पुत्रो का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने दोनो पुत्र साजिद व शाबर अली से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

गुफरान पुत्र अजमुदीन निवासी ग्राम शबगा थाना छपरौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते वह 4 वर्षो बहार रहता है इसलिए मै अपने पुत्र लवी तोमर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

सतेन्द्रपाल पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम छछरपुर थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सचिन से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

मीना पत्नि रमेश निवासी ग्राम गोपाल. पुर खडाना तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मैं, सविता माता नं-3208502के नायक मुकेश कुमार निवासी गाँव सूप डाकघर - सूप तहसील-बड़ौत जिला बागपत राज्य उत्तर प्रदेश ने अपना नाम सविता देवी से बदलकर सविता रख लिया है।

# दो नवजात शिशुओं की मौत के मामले में सीएमओ ने शुरू की जांच

## परिजनों से मुलाकात कर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिंभावली क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी के बाद दो नवजात शिशुओं की मौत के मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील त्यागी ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर घटना के बारे में जानकारी ली और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



जानकारी के अनुसार, सिंभावली के सिखेड़ा गांव निवासी अभिषेक की गर्भवती पत्नी प्रीति को सोमवार को डिलीवरी के लिए सिखैड़ा सीएचसी में भर्ती कराया गया था। बताया गया है कि दोपहर में महिला चिकित्सक की अनुपस्थिति में एक नर्स ने नॉर्मल डिलीवरी करवाई। इसके बाद प्रीति की तबीयत बिगड़ने पर उसे हापुड़ के जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां कथित तौर पर ऑक्सीजन न मिलने के कारण नवजात की मौत हो गई। दूसरा मामला बाबूगढ़ क्षेत्र के कुचसर रोड चौपला निवासी राहुल की पत्नी प्रियंका का है। प्रियंका की डिलीवरी रात 10 बजे बिजली जाने पर टॉर्च की रोशनी में करवाई गई। शिशु की तबीयत बिगड़ने पर उसे भी रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही शिशु की मौत हो गई जिसके बाद सीएमओ डा. सुनील त्यागी ने पीड़ित परिजनों से उनके घर जाकर बातचीत की। परिजनों ने बताया कि नवजात शिशुओं को ऑक्सीजन देने की बात कही गई थी, लेकिन ऑक्सीजन नहीं मिली, जिससे दोनों शिशुओं की मौत हो गई। पीड़िता ने यह भी बताया कि प्रसव के दौरान अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं थी और नर्स ने ही डिलीवरी करवाई। डिलीवरी के बाद बच्चों को ऑक्सीजन की जरूरत थी, लेकिन बिजली और ऑक्सीजन न होने के कारण बच्चों को ऑक्सीजन नहीं मिल सकी। पीड़िता प्रियंका ने बताया कि उनके ससुर की दो सप्ताह पहले ही हार्ट अटैक से मौत हो चुकी थी और यह परिवार के लिए दूसरा बड़ा हादसा है, जिससे परिवार गहरे सदमे में है। सीएमओ डा. सुनील त्यागी ने बताया कि डिलीवरी के बाद बच्चों की धड़कन और ऑक्सीजन लेवल कम था और दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले में जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सूखे नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली रोड पर स्थित एसएसवी इंटर कॉलेज की दीवार से सटे एक सूखे नाले में शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला है। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक की मौत विद्युत केबल से करंट लगने के कारण हुई है। शव के पास जमीन पर लटक रहे विद्युत केबल पर युवक का सिर पाया गया और गर्दन के पास करंट से झुलसने के स्पष्ट निशान थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह के अनुसार पुलिस का शुरुआती अनुमान है कि युवक ने अत्यधिक शराब का सेवन किया था। जिसके चलते नशे की हालत में वह केबल पर सिर रखकर लेट गया और करंट लगने से उसकी जान चली गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है



ताकि मौत के सटीक कारणों का पता चल सके। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आसपास के थानों व जिलों में भी संपर्क कर रही है ताकि युवक की शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि किसी को इस युवक के बारे में कोई जानकारी हो तो वे तुरंत कोतवाली पुलिस से संपर्क करें।

# पुलिस मुठभेड़ में गोकश बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस की शुक्रवार की सुबह थाना क्षेत्र के बक्सर रेगूलेटर के पास एक गोकश जाहिद से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में जाहिद के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि सिंभावली थाने की एक टीम शुक्रवार सुबह बक्सर रेगूलेटर से लगभग 10 मीटर पहले नए बाईपास अंडरपास के नीचे वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति संदिग्ध दिखा। पुलिस के रोकने के इशारे पर वह रुका नहीं, बल्कि बाइक मोड़कर भागने लगा। जब पुलिस ने उसे घेरने की कोशिश की, तो बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की जिसमें जाहिद के दाहिने पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए सिखैड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। घायल बदमाश की पहचान जाहिद पुत्र अहमद अली, निवासी ग्राम हशुपुर, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि जाहिद सिंभावली थाने से गौवध निवारण अधिनियम के तहत वांछित था। पुलिस के अनुसार, जाहिद का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले भी इसी तरह के अपराधों में शामिल रहा है। पुलिस ने जाहिद के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। सीओ ने बताया कि जाहिद के खिलाफ गौवध निवारण अधिनियम के साथ-साथ आर्म्स एक्ट और पुलिस पर हमले से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या जाहिद के साथ कोई और व्यक्ति इस गौतस्करी नेटवर्क में शामिल है।

# मंडल उपाध्यक्ष अमित टांक का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** देव प्रॉपर्टीज कार्यालय पर मंडल उपाध्यक्ष बने आयुष सिरोही एवं महामंत्री अमित टांक का भव्य स्वागत किया गया।

क्षेत्रवासियों ने दोनों नव नियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने संगठन में नई ऊर्जा के संचार की उम्मीद जताई और एकजुट होकर कार्य करने का आहवान किया।

कार्यक्रम में उत्साह और सामूहिक सहभागिता का माहौल रहा। इस अवसर पर दिनेश राणा, धर्मेंद्र तोमर, जितेंद्र तोमर, भूपेंद्र सिंह, सतीश कुमार, संसार तोमर, अरुण तोमर, मोहित तोमर, अनिल तोमर, रामचरण और कुलदीप सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### विश्व ब्राह्मण संघ यूपी उपाध्यक्ष ने परिवार सहित किया गंगा स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर के तीर्थनगरी ब्रजघाट में विश्व ब्राह्मण संघ यूपी उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा तीर्थ स्थल ब्रजघाट गंगा स्नान करने परिवार जनों सहित पहुचें और परिवार जनों सहित गंगा स्नानकर बड़ा हनुमान मंदिर में पूजा पाठ कर हनुमान की हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती कर प्रसाद का भोग लगाया इसके अलावा वेदांत मंदिर परिसर में पहुंचकर राधा कृष्ण जी को पुष्प अर्पित किए।

यूपी उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि पश्चिम यूपी की तीर्थ गंगा नगरी में संध्या के समय लाइट नहीं जल रही मंदिर परिसर में अंधेरा घाटों और सड़कों पर गंदगी नगर पालिका गढ़मुक्तेश्वर और यूपी सरकार के विकास के दावे खोखले साबित हुए जबकि केंद्र सरकार नमांमि गंगे योजना पर करोड़ों रुपये खर्च करने की बात करती हैं और धरातल पर कुछ भी नहीं है। सुलभ शौचालयों में गंदगी और महिला श्रद्धालूओ से शुल्क वसूला जा रहे जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्व ब्राह्मण संघ यूपी तीर्थ स्थल ब्रजघाट में फैली अव्यवस्था और श्रद्धालूओ की होने वाली परेशानियों की घोर निंदा करता है।

### राजपूताना रेजीमेंट इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने किया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** राजपूताना रेजीमेंट इंटर कॉलेज में योग सप्ताह के छठे दिन छात्र-छात्राओं को ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, पश्चिमोत्तानासन, सूर्य नमस्कार सहित अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी जैसे प्राणायाम कराए गए। योग प्रशिक्षक प्रदीप कुमार व शिवानी ने प्रदर्शन किया। आयुष विभाग से आए डा. कुशल पाल कर्णवाल व डा. संजय सिंह ने योग को जीवन का अनिवार्य अंग बताया। प्रधानाचार्य राज बहादुर सिंह ने कहा कि योग के प्रचार-प्रसार में सभी की भूमिका जरूरी है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### एक ट्रक के नंबर पर चला रहे थे दूसरा ट्रक, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अमानत में खयानत करते हुए मालिक के साथ जालसाजी कर उसके ट्रक के चेसिस को दूसरे ट्रक में रखने वाले दो चालक भाइयों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी और हत्या का प्रयास करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई।

सिंभावली क्षेत्र के गांव वैठ निवासी आसमोहम्मद ने कोर्ट की शरण लेकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख किया है कि गढ़ क्षेत्र के गांव सरूरपुर का आजाद अपने भाई नासिर के साथ उसके ट्रक पर ड्राइविंग करते थे। जिनमें षडयंत्र के तहत आजाद ट्रक पर जाने से रूक गया था। जिसने नासिर के साथ मिलकर एक ट्रक का रजिस्ट्रेशन कराते हुए फाइनेंस भी करा लिया। परंतु बडे ट्रेलर का इंतजाम न होने पर दोनो भाइयों ने साजिश के तहत उसके ट्रक के चैसिस को चालाकी और धोखाधड़ी ले चोरी करते हुए अपने ट्रक पर रखकर संचालन करने लगे। जिसका पता लगने पर उसने शिकायत की तो दोनों भाइयों ने मारपीट कर डाली। परंतु भाग्यवश बाल बाल बचने पर दोनों भाइयों ने गले में रस्सी का फंदा डालकर उसकी हत्या करने का प्रयास भी किया। पीड़ित का कहना है कि थाने में सुनवाई न होने पर उसे कोर्ट की शरण लेने को मजबूर होना पड़ा है। सीओ वरुण मिश्रा का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### गंगा के जलस्तर में हर रोज हो रही बढ़ोतरी से खादर क्षेत्र के लोगों में बेचेनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पहाड़ों में झमाझम बारिश होने से गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी का क्रम जारी रहने के कारण खादर क्षेत्र से जुड़े हजारों परिवारों में बेचैनी व्याप्त होने के साथ ही निचले जंगल में उग रहीं हजारों बीघा फसलों में बर्बादी की चपत भी लग रही है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में भले ही मानसून ने अभी तक अपनी दस्तक नहीं दी है, परंतु दूसरी तरफ उत्तराखंड के पहाड़ों में झमाझम बारिश होने से गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी का क्रम एक सप्ताह से निरंतर जारी चल रहा है। पिछले 24 घंटों के भीतर पांच सेंटीमीटर की बढ़ोतरी होने से गढ़ ब्रजघाट गंगा का जलस्तर बढ़कर समुद्रतल से 197.49 मीटर के निशान पर पहुंच चुका है। जलस्तर में बढ़ोतरी होने से गंगा नदी के तटीय क्षेत्र से जुड़े निचले जंगल में पानी भरने से मौसमी फल सब्जी के साथ ही हरे चारे की सैकड़ों बीघा खेती में बड़े स्तर पर नुकसान होने से किसानों को खूब चपत लग रही है। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सोलंकी का कहना है कि गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी होने का सिलसिला जारी रहने से फसलों में नुकसान के साथ ही किसानों को पशुओं के चारे की किल्लत का सामना भी करना पड़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग के गेज अधिकारी शाह आलम का कहना है कि पहाड़ों में ग्लेशियर पिघलने के साथ ही बारिश होने के कारण गढ़ ब्रजघाट गंगा के जलस्तर में चौबीस घंटों के भीतर पांच सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है।

### दुष्कर्म पीड़िता का नाबालिग भाई संदिग्ध परिस्थितियों में हुआ लापता, मां ने लगाया अपहरण करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अपहरण और दुष्कर्म के बाद गर्भपात के साथ ही जबरन धर्मांतरण कराए जाने से पीड़ित किशोरी का नाबालिग भाई संदिग्ध दशा में लापता हो गया। जिसकी विधवा मां ने जनपद मुजफ्फरनगर में रहने वाले दूसरे समुदाय के युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए बेटे की सकुशल बरामदगी और आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराने की मांग करते हुए कोतवाली में तहरीर दी।

# धर्मकांटे से 22 हज़ार की चोरी, नया कर्मचारी सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात थाना क्षेत्र में गढ़ रोड स्थित गोयल धर्मकांटे पर एक चौंकाने वाली चोरी की घटना सामने आई है।

धर्मकांटे के मालिक विमलेश गोयल ने दो दिन पहले ही नौकरी पर रखे एक नए कर्मचारी पर 22 हज़ार चोरी करने का आरोप लगाया है। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ज्ञानलोक निवासी विमलेश गोयल के अनुसार शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे नया कर्मचारी धर्मकांटे पर पहुंचा और गल्ले में रखे 22 हज़ार चुराकर फरार हो गया।

चोरी इतनी स्फाई से की गई कि शुरुआत में किसी को भनक तक नहीं लगी। जब विमलेश गोयल सुबह धर्मकांटे पर पहुंचे और उन्हें चोरी का अहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत सीसीटीवी फुटेज खंगाली। फुटेज में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कर्मचारी कैसे गल्ले की ओर बढ़ता है, मौका पाकर रुपये निकालता है। यह फुटेज अब पुलिस के लिए अहम सबूत बन गई है। विमलेश गोयल ने इस सबूत के साथ थाना हापुड़ देहात में तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी शुरू कर दी है और उसके पिछले रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

# पुलिस बनेगी नशा मुक्ति की अग्रिम पंक्ति, एसपी ने दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत हापुड़ में एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जन-जागरूकता बढ़ाना और नशा मुक्त समाज का संकल्प लेना था।



इस अवसर पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने नशे के समाज पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र को अंदर से खोखला कर देता है। हमें नशे के खिलाफ एक सामाजिक युद्ध छेड़ना होगा। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि हम नशीले पदार्थों का न सेवन करेंगे, न किसी को करने देंगे। हम समाज को नशा मुक्त बनाने में पूरी निष्ठा से योगदान देंगे। एसपी ने यह भी निर्देश दिए कि जनपद में नशे के अवैध व्यापार, तस्करी और सेवन से जुड़े मामलों में बिना किसी रियायत के सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्कूल, कॉलेज व ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता शिविर के आयोजन की योजना पर भी जोर दिया।

# बस चालक पर फायरिंग करने की घटना में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने बस चालक पर फायरिंग करने की घटना में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने बस चालक पर फायरिंग करने की घटना में फरार चल रहे एक आरोपी दानिश पुत्र युसुफ निवासी मोहल्ला इस्लामाबाद कस्बा व थाना किठौर जनपद मेरठ को मैक्स केयर हास्पिटल नियर आरटीओ तिराहा हापुड रोड मेरठ के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# एसपी ने पुलिस कर्मियों को कराया शस्त्र खोलने व बांधने का अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को रिज़र्व पुलिस लाइन में एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने पुलिसकर्मियों की टर्नआउट, अनुशासन, और परेड संचालन की बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान पुलिसकर्मियों को शस्त्र खोलने और जोड़ने का गहन अभ्यास कराया गया।



एसपी ने व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक रैंक के कर्मियों की शस्त्र संचालन क्षमता की जांच की। राइफल, पिस्टल, और सेवायुक्त कार्बाइन जैसे हथियारों को खोलने और पुन: जोड़ने का अभ्यास कराया गया। पुलिसकर्मियों को शस्त्रों की स्फाई, रख-रखाव, और अचानक खराबी की स्थिति में त्वरित समाधान की तकनीकी जानकारी दी गई। साथ ही अभ्यास के दौरान जवानों को समयबद्धता और शुद्धता दोनों का महत्व समझाया गया। शस्त्र संचालन के साथ-साथ सेफ्टी प्रोटोकॉल पर विशेष बल दिया गया, जैसे ट्रिगर से उंगली हटाए रखना, हथियार की दिशा नियंत्रित रखना आदि। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शस्त्रों की तकनीकी जानकारी और व्यावहारिक प्रयोग की नियमित रिहर्सल सभी थानों और यूनिटों में कराई जाए, ताकि आपात स्थिति में कोई चूक न हो। एसपी ने कहा कि किसी भी बल की ताकत उसके अनुशासन और अभ्यास में छिपी होती है। हथियार चलाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसे ठीक से समझना और संभालना। परेड और अभ्यास के समापन पर एसपी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों की पीठ थपथपाई और अन्य को नियमित अभ्यास के लिए प्रोत्साहित किया।

# सिंभावली चीनी मिल ने पिछले पेराई सत्र का 34 प्रतिशत अदा किया गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली चीनी मिल द्वारा पिछले पेराई सत्र से जुड़े गन्ना मूल्य में 34 प्रतिशत भुगतान अदा किए जाने से जरूरतमंद किसानों को राहत मिल रही है, परंतु दूसरी ओर भाकियू द्वारा भुगतान में लेटलतीफी होने का आरोप भी लगाया जा रहा है।

बैंकों से जुड़े कर्ज की अदायगी न होने के कारण एनसीएलटी कोर्ट ने सिंभावली चीनी मिल को दिवालिया घोषित किया हुआ है, परंतु इसके बाद भी मिल का संचालन सुचारू रखने के साथ ही गन्ना किसानों को नियम के अनुसार भुगतान दिलाने के लिए आईआरपी के रूप में अनुराग गोयल की नियुक्ति भी की हुई है। आईआरपी ने बताया कि 19 जून को सिम्भावली एवं ब्रजनाथपुर चीनी मिल द्वारा 10.76 करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान कर दिया गया है। जिसके उपरांत अब तक 192.38 करोड़ का भुगतान होने से पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना मूल्य का 34 प्रतिशत अदा हो चुका है। उन्होंने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 में दोनों मिलों द्वारा 300 करोड़ का भुगतान किया गया था। इस लिहाज से उनके कार्यकाल में 11 जुलाई 2024 के पश्चात् लगभग 500 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। आईआरपी का कहना है कि अप्रैल और मई में सिंभावली मिल कर्मचारियों द्वारा हडताल करते हुए मिल परिसर में स्थित सभी कार्यालयों को बंद कर दिया गया था। जिसके कारण कोटे के अनुरूप चीनी की बिक्री संभव नहीं होने से गन्ना भुगतान पर प्रभावित हुआ है। आईआरपी का कहना है कि मिल कर्मचारियों के आंदोलन में स्थानीय किसान संगठनो द्वारा भी बढचढकर हिस्सा लिया गया था, जिसके कारण मजबूरन कोटे के अनुसार बिकी करने हेतु ग्रुप की अन्य चीनी मिलों की चीनी बेचनी पड़ी। सिम्भावली ग्रुप का माह मई का कोटा 125840 कुंतल था, परंतु 124085 कुंतल चीनी की बिक्री ही संभव हो पाई थी। आईआरपी का कहना है कि गन्ना मूल्य भुगतान हेतु डीएम द्वारा निर्धारित की गई टैगिंग का पूर्ण रूप से अनुपालन किया जा रहा है। पिछले आफ सीजन के सितंबर 2024 में अत्याधिक बरसात होने के कारण सिंभावली के गोदामों में रखी चीनी में अधिक नमी आ गई थी। बाद में प्रशासनिक दबाव और किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए नमी वाली चीनी बाजार की दर से कम रेट पर बेचनी पडी थी। जिसका कुल बाजार मूल्य 24.84 करोड़ ही होता है। आईआरपी का कहना है कि भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष पवन हूण द्वार नमी वाली चीनी की बिकी में 21 करोड़ का घपला किए जाने का आरोप पूरी तरह निराधार है। आईआरपी ने भाकियू नेता पवन हूण के आरोप का पूरी तरह खंडन करते हुए दावा किया गया कि इस संबंध में पहले भी शासन और प्रशासन स्तर पर संबंधित सूचनाओं के साथ ही विस्तृत एवं सुस्पष्ट जबाव भी भेज दिया गया था। जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच भी की जा चुकी है, जिसमें कोई विसंगति नहीं मिल पाई है। आईआरपी का कहना है कि पिछले पेराई सत्र से जुड़े बकाया गन्ना मूल्य का जल्द से जल्द भुगतान करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

# युवा कांग्रेस ने मोनू को सौंपी जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** युवा कांग्रेस पश्चिम के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला ने मोनू चौधरी निवासी ग्राम डोला को उनकी संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए बागपत विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। इस नियुक्ति से बागपत विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने और युवाओं की आवाज को मुखर करने के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी। मोनू चौधरी की नियुक्ति पर बागपत जिले के युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। मोनू चौधरी ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। इस नियुक्ति पर मोनू चौधरी को कांग्रेस महासचिव नवाब अहमद हमीद, सुखराज सिंह, नसीम खान, आकिब राणा, फैज मोहम्मद, फरीद बूम राणा, सरफराज अहमद वइनाम उल हसन इत्यादि ने शुभकामनाएं दी।

# केंद्रीय मंत्री ने आशाओं को उपहार देकर किया सम्मानित



'kkg VkbEl lokndkrk

ijuijA स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के एक बैंकेट हाल में आशा एवं संगिनी का सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें लोक सभा सदस्य एवं भारत सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि रहे।

मुख्य अतिथि जितिन प्रसाद ने आशाओं की मुख्य समस्या कम मानदेय को बढ़ाने के लिए सरकार से सिफारिश करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने आशाओं को आभा ऐप की जानकारी देते हुए अपने विचार रखे। सांसद जितिन प्रसाद ने कलीनगर में टूटी पुलिया की जल्द मरम्मत कराए जाने की बात कही। इस दौरान, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, सीएमओ डॉ आलोक कुमार सहित सैकड़ों आशाएं एवं संगिनी मौजूद रहीं।

### जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

ihyhHkhrA सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम संतोषपुरा में पुरानी जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। एक पक्ष की महिलाओं द्वारा दूसरे पक्ष से मारपीट की। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम सन्तोष पुरा निवासी हरप्रसाद पुत्र मोहन लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि गांव में स्थित गाटा 117 रकवा 0.263 है। उक्त गाटा संख्या पर न्यायालय उपजि लाधिकारी न्यायिक द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा–116 के अन्तर्गत पुनः बंटवारे का आदेश पारित किया गया था। न्यायालय के आदेश पर 14 जून को राजस्व व पुलिस टीम द्वारा स्थल पर कब्जा दिलाया गया। 18 जून को पीड़ित हरप्रसाद अपने खेत पर जा रहे थे तभी रास्ते में राधा देवी पत्नी मानपाल, ऊषादेवी पत्नी मनोज कुमार, रेखा देवी पत्नी श्रीकृष्ण और नरैनी देवी पत्नी नत्थूलाल ने घेर कर मारपीट की साथ ही घर के अदर खीचने का प्रयास किया।

# निदेशक गन्ना विकास निदेशालय ने किया निरीक्षण

'kkg VkbEl lokndkrk

ihyhHkhrA गन्ना विकास निदेशालय, भारत सरकार के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह द्वारा जनपद पीलीभीत की गन्ना विकास परिषद् बरखेड़ा के ग्राम उमरसड, भैसहा ग्वालपुर भसूडा, डंडिया लक्षी, सखिया में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (त्झटल) के अंतर्गत स्थापित शरदकालीन आधार पौधशाला (गन्ना किस्म कोशा. 13235, क्षेत्रफल दृ 0.441 हेक्टेयर) एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत स्थापित प्रदर्शन प्लाट का निरीक्षण किया गया।




निरीक्षण के दौरान डॉ. सिंह ने पौधशालाधारक कृषक सत्यपाल सिंह से विस्तृत बात. चीत की और पौधशाला की स्थिति, गन्ने की वृद्धि तथा रोग एवं कीट नियंत्रण के उपायों की जानकारी प्राप्त की। कृषक सत्यपाल सिंह ने बताया कि इस प्लॉट में जैविक कीट नियंत्रण के लिए फेरोमोन ट्रैप एवं ट्राइकोकार्ड लगाए गए हैं, जिससे कीटनाशकों का न्यूनतम उपयोग कर प्राकृतिक तरीकों से फसल को सुरक्षित किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि वह गन्ने के साथ दलहन एवं तिलहन की सहफसली खेती अवश्य करे। पौध रक्षा के लिये फेरोमोन ट्रैप और ट्राइकोकार्ड की कार्यप्रणाली, उनके लाभ एवं पर्यावरण–संरक्षण में इनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान पौधशाला में मित्र कीटों की उपस्थिति भी देखी गई, जो गन्ना फसल की जैविक सुरक्षा में सहायक हैं। उन्होंने फसल की दशा, समुचित बढ़वार एवं रोग–कीटों से मुक्त स्थिति की सराहना की। इस अवसर पर खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरखेड़ा, मझोला एवं बीसलपुर, प्रदीप राठी (जी यमकेन, बरखेड़ा), अवधेश कुमार मुख्य गन्ना अधिकारी बीसलपुर चीनी मिल, सचिव बीसलपुर सहित अन्य विभागीय अधिक. ारी एवं क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे। यह निरीक्षण न केवल तकनीकी मार्गदर्शन के लिए उपयोगी रहा, बल्कि जैविक विधियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

### डीएम ने समय से कांवड यात्र की तैयारियों को पूर्ण करने की दिए निर्देश

ihyhHkhrA जिलाधिक. ारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा की तैयारियों से सम्बन्धित बैठक अधिका. रियों के साथ गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जाने की आवश्यकता है तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों पर ध्यान दिया जाए तथा उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये। त्योहारों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतें जिससे कि कोई अप्रिय घटना ना घटित होने पाये। जिलाधिक. ारी ने कहा कि समाज के संभ्रांत व्यक्तियों के संपर्क में रहे और कहीं पर कोई दिक्कत आए तो समस्या का तुरंत समाधान करें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये कि धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था आदि कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने समस्त नगर पालिक. ाओं व नगर पंचायतों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में मिलेगा ऋण अनुदानः बृजेंद्र कुमार

### महावन नगर पंचायत में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी वृहद जागरूकता अभियान प्रारम्भ

'kkg VkbEl lokndkrk

eFkjkA द्य उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना है मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, जिसके तहत 5 लाख तक का ऋण अनुदान बेरोजगार युवाओं को दिया जा रहा है।

। नगर पंचायत महावन में आज एक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी वृहद जागरूकता अभियान के तहत आज 60 लोगों को अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की गई, जिसमें नगर पंचायत महावन की जनता ने उपस्थित होकर इस अभियान की स्कीम को जाना और अपने–अपने उद्योग के लिए फॉर्म भरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ के द्वारा लॉन्च किया गया अभियान मुख्यमंत्री



युवा उद्यमी विकास अभियान यह अभियान उन बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है जो रोजगार के लिए दर–दर भटक रहे हैं इस अभियान में 21 से 40 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है इसके साथ ही शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास ही रखी गई है साथ ही इसमें 5 लाख तक के उद्योग सेवा परियोजनाओं पर हंड्रेड परसेंट ब्याज मुक्त एवं बिना गारंटी के री सरकार उपलब्ध करा रही है जिसमें 10 परसेंट मार्जिन मनी का भी अनुदान सरकार की तरफ से युवा उद्यमी को दिया जाएगा। आज की गतिशील दौर में जहां युवा नौकरी के लिए भटक रहा है जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा उसे युवा को एक बेहतर उद्यमी के रूप में निरंतर गतिशील और प्रगतिशील बनाने पर जोर दिया जा रहा है इस योजना में 300 प्रोजेक्ट को शामिल किया गया है इसके साथ सर्विस सेक्टर और फ्रेंचाइजी सेक्टर भी इसमें सम्मिलित हैं सरकार का मानना है कि आप किसी भी बिजनेस में जहां पर अपनी वैल्यू या अंश उसमें समाहित करते हैं तो उसे उद्योग पर सरकार आपको बिना ब्याज और बिना गारंटर का ऋण उपलब्ध कराएगी जो आप 4 वर्ष के अंदर मासिक किस्तों के रूप में भर सकते हैं इस अभियान में फूड प्रोसेसिंग एग्री फूड प्रोसेसिंग सहित रिन्यूएबल एनर्जी को भी शामिल किया गया है इसमें स्मॉल बिजनेस पर्सनल केयर एंड वैलनेस सहित सीमेंट इलेक्ट्रिकल्स में भी आप लोन के लिए अप्लाई कर सकते हैं अधिक जानकारी के लिए आप जिला उद्योग विकास केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं।

# मुडिया मेले से पहले सक्रिय हुआ खाद्य सुरक्षा विभाग

### दुकानों से लिए खानपान की वस्तुओं के नमूने

'kkg VkbEl lokndkrk

eFkjkA मुंडिया मेला की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने भी गोवर्धन और आसपास के क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ा दी है। दुकानों पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अभियान शुरू किया गया है।



सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मथुरा धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व मे जनपद में आगामी मुड़िया मेला के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु गोवर्धन क्षेत्र से सौंफ, ग्रीन चिली सॉस, सरसों का तेल, रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल, अरहर दाल व मूंग दाल का एक एक नमूना, छाता क्षेत्र से बेसन, चीनी व भुना चना का एक एक नमूना, जन्मभूमि के पास से मिश्रित दूध व बद्री नगर मथुरा से मिश्रित दूध व वेज बिरयानी का एक एक नमूना, इण्डस्ट्रियल एरिया साइट बी, मथुरा से टोमेटो कैचप व ग्रीन चिली सॉस का एक–एक नमूना संग्रहित किया गया। अभियान में कुल 14 नमूने संग्रहित किये गए। उक्त संग्रहित खाद्य नमूनें विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सचल दल में जितेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, भरत सिंह तथा मोहर सिंह कुशवाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# अनियन्त्रित ट्रैक्टर की टक्कर से मासूम की मौत

'kkg VkbEl lokndkrk

dkslhdykA चौकी के नजदीक गिढोहिया पेच मै शुक्रवार की सुबह एक ट्रैक्टर चलाक ने मासूम बच्चे पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया आनन फानन में बच्चे की स्थानीय हास्पिटल में भर्ती कराया लेकिन जब काफी देर हो चुकी थी।



चिकित्सको ने मासूम को मृत घोषित कर दिया बतायबज रहा है कि मृतक चिन्टू ट्रैक्टर चालक के पास ही काम करता था और बच्चा अनाथ होने के साथ ट्रैक्टर वाले के साथ ही रहता था वह आसपास के दुकानदारों का भी चहेता था अपनी भाषा से मनमोहिनी बातें कर दुक. ानदार भी उसे कुछ ना कुछ देते रहते थे बच्चों के माता–पिता नहीं है वह अनाथ था जो ट्रैक्टर चालक के साथ रह कर अपना पेट भरता था देखा जाए तो चौकी के पास छोटे ट्रैक्टर वाले अतिक्रमण भी बहुत करते रहते हैं जहां मन जहां वहां लगाकर खड़े हो जाते हैं चौकी के नजदीक ऐसी घटना का होना बहुत बड़ी बात है चौकी प्रशासन का कोई ध्यान नहीं होता जहां यह घटना घटी है उसे चद कदमो की दूरी पर ही चौकी बनी हुई है जहां यह ट्रैक्टर खड़े होते हैं ठीक उसी के सामने चौकी बनी हुई है कोसीकला में ऐसे ही मामले में मोटरसाइकिल रिक्शा भी बहुत चल रहे हैं ना उनका ना तो उन पर कोई रजिस्ट्रेशन है न ही नंबर है पुलिस ने टेक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# lhM Iykav ij vo/k HkaMkj.k djus dk vkjksi

'kkg VkbEl lokndkrk

ihyhHkhrA सीड प्लांट वाले सामान्य गेहूं को खरी. दकर बीज के रूप में पैकिंग बनाकर उसकी बिक्री कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। इसमें बीज प्रमाणीकरण और कृषि विभाग भी सांठ–गांठ कर मुंह मोड़ लेता है। ऐसे में बीज की गुणवत्ता का सवाल ही पैदा नही होता है।

यही नही सीड कर नाम पर अवैध भंडारण किया जाता है। जिससे मंडी प्रशासन व विभागीय जिम्मेदारों को कोई सरोकार नही है। सूत्र बताते हैं कि सीड प्लांट संचालकों को मंडी प्रशासन व अधिकारियों द्वारा छूट देने का कारण ढाई से साढ़े तीन रूपये प्रति कुंतल वसूली किया जाना है। जिसका तहसील मुख्यालय से जिला मुख्यालय तक बंदरबाट होता है। तहसील पूरनपुर व कलीनगर क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक सीड प्लांट हैं। इन सीड प्लांटों में सामान्य गेंहू को बीज का बनाने का खेल तो पिछले कई वर्षों से चला आ रहा है।

सूत्रों के अनुसार पूरनपुर व कलीनगर क्षेत्र के सीड प्लांट में सामान्य गेहूं का दड़ा कर सामान्य गेहूं को बीज के रूप में बेचने का धंधा खूब फल–फूल रहा है। यहां बताते चलें कि नियम के अनुसार गेहूं का सीड पैक करते समय बीज प्रमाणीकरण और कृषि विभाग का कोई ना कोई प्रतिनिधि सीड प्लांट पर मौजूद होना चाहिए। उसकी देखरेख में गेहूं पैक किया जाए, लेकिन सीड प्लांट मालिकों की ऊंची पहुंच और मिली भगत के चलते कृषि विभाग तथा बीच प्रमाणीकरण संस्था पहले ही इन प्लांटों को टैग आवंटित कर देती है। यह खेल कोई नया नहीं है। सुविधा शुल्क की आड़ में प्रतिवर्ष इसी तरह का खेल खेला जाता है। यदि जिले के अफसर पूरनपुर व कलीनगर क्षेत्र के सीड प्लांट के बीज की गुणवत्ता का मूल्यांकन बीज परीक्षण प्रयोगशाला में बीजों की भौतिक और रासायनिक विशेषताओं का परीक्षण करायें तो दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा।

इसके अलावा जिले के जिम्मेदार और ईमानदार अधिकारी तहसील पूरनपुर व कलीनगर क्षेत्र में संचालित सीड प्लांटों का औचक निरीक्षण करें, तो तमाम तरह की अनियमिताएं सामने आएंगी। यहां स्टॉक में गड़बड़ी अभिलेखों में कमी, यहां तक कि बड़े पैमाने पर अवैध भंडारण भी मिलेगा। जानकारों की माने तो पूरनपुर व कलीनगर में संचालित होने वाले सीड प्लांट के संचालकों ने सीधी खरीद कर बेखौफ अवैध रूप से गेहूं का भंडारण किया है। जिसके चलते मंडी तक काफी गेहूं कम मात्रा में गेंहू पहुंच पाया। सूत्र बताते हैं कि धड़ा करके सामान्य गेहूं को बीज के रूप में बिक्री करने और अवैध भंडारण करने की छूट प्राप्त करने के एवज में सीड प्लांट संचालकों ने स्थानीय मंडी प्रशासन, अधिकारियों से लेकर कृषि विभाग व बीज प्रमाणीकरण विभाग के जिम्मेदारों को ढाई रुपए से साढ़े तीन रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से रिश्वत दी है। जिसका सभी में बंदरबांट हुआ है। इसी कारण इस अवैध धंधे को लेकर कोई भी कार्रवाई अथवा निरीक्षण करने तक की अधिकारियों ने ज़हमत नही उठायी है।

इस सम्बंध में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि तहसील पूरनपुर व कलीनगर क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक सीड प्लांट हैं जो कि कृषि विभाग द्वारा निर्धारित क्षमता से दोगुना गेहूं भंडारण कर रहे हैं। इसमें भी ज्यादातर गेहूं घटिया दर्जे का दड़ा क्वालिटी का गेहूं है। जिसे बीज के रूप में बिक्री कर सीड प्लांट संच. ालक करोड़ों–अरबों रुपए के बारे न्यारे कर रहे हैं। इसमें अधिकारियों की संलिप्तता भी उजागर हुई है। इस मामले की लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी।

# शिक्षकों की समस्याओं का समाधान हो

### माशिसं ने डीआईओएस का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** माध्यमिक शिक्षक संघ ने जिला विद्यालय निरीक्षक डा. प्रवेश कुमार यादव से शिक्षकों से संबंधित समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

शुक्रवार को माशिसं के प्रतिनिधि मंडल ने नवागंतुक डीआईओएस प्रवेश कुमार यादव से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा तथा शीघ्र उनके समाधान की मांग की। डीआईओएस ने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों की जो भी समस्याएं सामने आयेंगी उनका समय से समाधान कराया जायेगा। विद्यालयों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था उनकी पहली प्राथमिकता है। किसी भी शिक्षक व प्रधानाचार्य से कोई भी अतिरिक्त काम नहीं लिया जायेगा। उन्होंने संगठन का आह्वान करते कहा कि वह इसमें अपना



सहयोग दें। इस दौरान बुके व फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेशीय मंत्री डा. जीपी सिंह, जिलाध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह, अतुल कुमार शर्मा, श्रीमति चारू शर्मा, कृष्णपाल सिंह, आसिम अब्बासी, दानिश हबीब, सुहाना मंजूर आदि शामिल रहे।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

'kkg VkbEl lokndkrk

eFkjkA नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। शासन के द्वारा भी समस्त निकायों में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन के विक्रय, भंडारण एवं प्रयोग की रोकथाम किए जाने के निर्देश दिए गए हैं एवं आम जनमानस द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का प्रयोग बंद किया जाए। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार भी करने के निर्देश दिए गए हैं।इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त श्रीमती कल्पना सिंह चौहान, जोनल प्रभारी औरंगाबाद, के निर्देशन में नगर निगम की टीम द्वारा प्रति. बंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही की गई। नगर निगम की टीम द्वारा आज वृंदावन जोन में अटल चुंगी चौराहा, सौ फूटा रोड, सुनरख रोड एवं प्रेम मंदिर रोड से प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से बने गिलास,चम्मच आदि का उपयोग करने वाले विभिन्न प्रतिष्ठान संचालकों से रुपया 30000 का जुर्माना वसूला गया एवं 22 किलो पॉलीथिन, सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की गई। प्रतिष्ठान संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई की प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक अथवा पॉलीथिन का उपयोग भविष्य में न किया जाए। नगर निगम की टीम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के विरुद्ध निरंतर कड़ी कार्यवाही की जाएगी इसी क्रम में नगर के सभी प्रतिष्ठान संचालकों एवं नगर वासियों से यह अपील है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग न करें इसके स्थान पर कपड़े से बने थैले अथवा बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक की थैलियां का ही उपयोग करें, जिससे नगर को प्लास्टिक कचरे से मुक्ति दिलाई जा सके। कार्यवाही के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेश चंद नगर निगम की ईटीएफ टीम के साथ प्रवर्तन दल एवं दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

